

अय्यर-राहुल ने दिखाया दम

राहुल ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 27 गेंद में चार चौकों और तीन छक्कों के साथ 56 रन बनाए। कप्तान कोहली ने उनका बखूबी साथ निभाते हुए 32 गेंद में 45 रन की पारी खेली जिसमें तीन चौके और एक छक्का शामिल था। अय्यर ने 29 गेंद में नाबाद 58 रन बनाए जिसमें पांच चौके और तीन छक्के शामिल थे। उन्हें इस प्रदर्शन के लिये मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## टी20 इंटरनैशनल में पहली बार पांच बल्लेबाज 50 के पार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ऑकलैंड। भारत और न्यू जीलैंड के बीच ऑकलैंड में खेले गए सीरीज के पहले टी20 इंटरनैशनल मुकाबले में टीम इंडिया ने जीत हासिल की। टॉस जीतकर भारत ने न्यू जीलैंड को बल्लेबाजी का न्योता दिया। कीवी टीम ने पांच विकेट पर 203 रनों का मजबूत लक्ष्य हासिल किया। भारत ने 19 ओवर में चार विकेट पर 204 रन बनाकर मैच अपने जीत हासिल कर लिया। इस मैच में न्यू जीलैंड की ओर से सलामी बल्लेबाज कॉलिन मुनरो ने 59, कप्तान केन विलियमसन ने 51 और रॉस टेलर ने 54 रनों की नाबाद पारी खेली। वहीं भारत की ओर से ओपनर केएल राहुल ने 56 और श्रेयस अय्यर ने नाबाद 54 रनों की पारी खेली। टी20 इंटरनैशनल में यह पहला मौका था जब किसी मैच में पांच बल्लेबाजों ने 50 स्कोर बनाया।

भारत ने अय्यर और राहुल की शानदार पारियों के दम पर रोमांचक मुकाबले में जीत हासिल की। इससे पहले कॉलिन मुनरो और कप्तान केन विलियमसन के आक्रामक हाफ सेंचुरी की मदद से न्यू जीलैंड ने ईडन पार्क की छोटी बाउंड्री का पूरा इस्तेमाल करके पांच विकेट पर 203 रन बनाए। जवाब में भारत ने एक ओवर बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया ।

# भारत ने न्यूजीलैंड को पहले टी20 मैच में छह विकेट से हराया

## केएल राहुल और श्रेयस अय्यर की तूफानी फिफ्टी

**क्रिकेट**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ऑकलैंड। केएल राहुल (56), विराट कोहली (45) और श्रेयस अय्यर (नाबाद 58 रन) की तूफानी बैटिंग की बदौलत भारतीय टीम ने शुक्रवार को पहले टी–20 इंटरनैशनल मैच में न्यू जीलैंड को 6 विकेट से हरा दिया। इस तरह टीम इंडिया ने 5 मैचों की टी–20 सीरीज में 1–0 की महत्वपूर्ण बढ़त ले ली है। ईडन पार्क मैदान पर भारत ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी और कीवी टीम ने 5 विकेट पर 203 रनों का स्कोर खड़ा किया, जवाब में टीम इंडिया ने 19 ओवर में 204 का स्कोर बनाकर मैच जीत लिया। राहुल ने 27 गेंदों में 4 चौके और 3 छक्के लगाए, जबकि विराट ने 32 गेंदों में 3 चौके और 1 छक्का लगाया। अय्यर ने अपनी नाबाद पारी में 29 गेंदों में 5 चौके और 3 छक्के जड़े। उन्होंने विनिंग सिक्स लगाया।




**टीम इंडिया की खराब शुरुआत**
204 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसे दूसरे ओवर में ही ओपनर रोहित शर्मा के रूप में पहला झटका लग गया। रोहित ने मिशेल सेंटनर की गेंद पर रॉस टेलर के हाथों कैच आउट होने से ठीक पहले सिक्स लगाया था और जिस गेंद पर आउट हुए उसपर भी वह कुछ ऐसा ही करना चाहते थे। उपकप्तान ने 6 गेंदों का सामना किया, जबकि 7 रन बनाए। हालांकि, दूसरे छोर पर केएल राहुल शुरू से ही अच्छे शॉट लगाते नजर आए।

**8.4 ओवर में टीम का शतक**
**पूराः** रोहित शर्मा के सस्ते में आउट होने के बाद केएल राहुल और कप्तान विराट कोहली ने मोर्चा संभाला। देखते ही देखते 4.5 ओवर में केएल राहुल के छक्के साथ टीम इंडिया के 50 रन पूरे हो गए, जबकि 8.4 ओवर में भारत ने 100 का आंकड़ा पार किया। इस दौरान राहुल ने टिम साउथ और मिशेल सेंटनर को निशाना बनाया तो विराट के निशाने पर बेनेट और ईश सोढ़ी रहे। विराट को 35 रन के निजी स्कोर पर ईश सोढ़ी के हाथों जीवनदान भी मिला। उन्होंने 9वें ओवर में सीमारेखा के पा भारतीय कप्तान का कैच ड्रॉप किया था।

**तूफानी फिफ्टी के बाद आउट हुए राहुलः** राहुल ने 23 गेंदों में 10वीं हाफ सेंचुरी पूरी की। जिस अंदाज में वह खेल रहे थे लग रहा था कि बड़ा स्कोर बनाएंगे, लेकिन 10वें ओवर की आखिरी गेंद पर ईश सोढ़ी को बड़ी हिट लगाने के चक्कर में वह टिम साउदी के हाथों लपक लिए गए। उन्होंने 27 गेंदों में 4 चौके और 3 छक्के की मदद से 56 रन की पारी खेली।

# अजीत अगरकर ने राष्ट्रीय चयनकर्ता पद के लिए आवेदन किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज अजित अगरकर शुक्रवार को राष्ट्रीय चयनकर्ता बनने की दौड़ में शामिल हो गए और वह चयनसमिति के अध्यक्ष भी बन सकते हैं। मुंबई की सीनियर चयनसमिति के पूर्व अध्यक्ष अगरकर राष्ट्रीय चयनसमिति का अध्यक्ष बनने की दौड़ में शामिल हैं क्योंकि नए संविधान में क्षेत्रीय प्रणाली का प्रावधान नहीं है।

बीसीसीआई ने आवेदन भेजने की अंतिम तिथि 24 जनवरी तय की थी और ऐसे में अगरकर सबसे बड़ा नाम उबरकर सामने आया है जिन्होंने 26 टेस्ट, 191 वनडे और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय में कुल मिलाकर 349 विकेट लिये हैं। वनडे में उनके नाम पर



288 विकेट दर्ज हैं।

बीसीसीआई के एक अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, अजित का दौड़ में शामिल होना रोचक है। उन्होंने काफी सोच समझकर आवेदन किया होगा। अगर किसी को लगता है कि शिवा (लक्ष्मण शिवरामकृष्णन) का चयनसमिति का अध्यक्ष तय है तो उन्हें इस पर फिर से विचार

### अजित का दौड़ में शामिल होना रोचक हैः अधिकारी

करना होगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि किन्हें चयनकर्ता चुना जाता है।

अगरकर के अलावा जिन पूर्व क्रिकेटरों ने चयनकर्ता पद के लिए आवेदन किया है उनमें हरियाणा के चेतन शर्मा, बड़ौदा के नयन मोंगिया, तमिलनाडु के शिवरामकृष्णन, मध्य प्रदेश के राजेश चौहान और अमय खुरासिया, उत्तर प्रदेश के ज्ञानेंद्र पांडे (योग्य नहीं क्योंकि जूनियर चयनकर्ता के रूप में चार साल पूरे कर चुके हैं।) और विदर्भ के प्रीतम गंधे (जूनियर राष्ट्रीय चयनकर्ता रह चुके हैं।) शामिल हैं।

## जोकोविच ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे दौर में

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। रेकॉर्ड आठवां खिताब जीतने के लिए उतरे नोवाक जोकोविच ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे दौर में जगह बना ली। गत चौंपियन सर्बिया के जोकोविच ने जापान के योशिहितो निशिओका को 6–3, 6–2, 6–2 से मात दी।

जोकोविच 50वीं बार किसी ग्रैंडस्लैम के अंतिम 16 में पहुंचे हैं जबकि रोजर फेडरर यह कमाल 67 बार कर चुके हैं। अब उनका सामना 14वीं वरीयता प्राप्त डिएगो श्वार्तजमैन से होगा जिन्होंने सर्बिया के डुसान लाजोविच को 6–2, 6–4, 7–6 से हराया। जोकोविच अगर ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतते हैं तो एक ही खिताब आठ या अधिक बार जीतने वाले वह स्पेन के दिग्गज राफेल नडाल (12 बार फ्रेंच ओपन) और रोजर फेडरर (आठ बार विम्बलडन) के बाद तीसरे खिलाड़ी होंगे। पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन में खेल रहीं अमेरिका की 15 साल की कोको गॉफ ने शुक्रवार को बड़ा उलटफेर करते हुए गत चौंपियन नाओमी ओसाका को सीधे सेटों में शिकस्त दी। गैरवरीय कोको ने जापान की तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को तीसरे दौर के मुकाबले में 6–3, 6–4 से हराया।

## न्यूज डायरी



### जेट लेग पर बोले विराट कोहली, हम कोई बहाना नहीं बनाना चाहते

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ऑकलैंड। भारतीय टीम दुनिया में कहीं भी खेले उसके चाहने वाले मैदान में बड़ी संख्या में मौजूद होते हैं। ऑकलैंड में न्यू जीलैंड के खिलाफ मुकाबले में भी यही देखने को मिला। कप्तान विराट कोहली ने मैच में जीत हासिल करने के बाद इस बात की तारीफ की। कोहली ने कहा, श्यह घरेलू मुकाबले की तरह लगा। यहां 80 फीसदी लोग हमारा समर्थन कर रहे थे। जब आप 200 से ज्यादा का स्कोर हासिल कर रहे हों तो आपको दर्शकों के समर्थन की जरूरत होती है।श इसके साथ ही कोहली ने कहा कि टीम में जेट लेग को लेकर कोई बात नहीं होती। भारतीय क्रिकेट टीम ने ऑकलैंड में खेले गए टी20 इंटरनैशनल में न्यू जीलैंड को 6 विकेट से हरा दिया। भारत ने टॉस जीतकर मेजबान टीम को बल्लेबाजी का न्योता दिया। कीवी टीम ने कॉलिन मुनरो, रॉस टेलर और केन विलियमसन की हाफ सेंचुरी के बदौलत 5 विकेट पर 203 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने 4 विकेट पर 204 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया।

### सेरेना और ओसाका बाहर, कोको आगे बढ़ी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। अमेरिका की अनुभवी सेरेना विलियम्स शुक्रवार को यहां आस्ट्रेलियाई ओपन में चीन की वांग कियांग से हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गयी जबकि 15 साल की किशोर खिलाड़ी कोको गॉ ने गत चौम्पियन नाओमी ओसाका का सफर खत्म कर उलटफेर किया। विलियम्स को अपने 24वें ग्रैंडस्लैम खिताब के लिये अभी लंबा इंतजार करना होगा जिन्हें तीसरे दौर में 27वीं वरीयता प्राप्त कियांग ने 6–4, 6–7, 7–5 से मात दी । सेरेना सात बार यहां खिताब जीत चुकी है लेकिन 2006 में तीसरे दौर में बाहर होने के बाद पहली बार इतनी जल्दी उनकी रवानगी हुई है। पहली बार आस्ट्रेलियाई ओपन में खेल रही गैरवरीय कोको ने जापान की तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ओसाका को तीसरे दौर के मुकाबले में 6–3, 6–4 से हराया। इस जीत के साथ ही कोको ने यूएस ओपन में इस खिलाड़ी से मिली हार का बदला भी ले लिया। टूर्नामेंट में भाग ले रही सबसे कम उम्र की खिलाड़ी को अगले दौर में 14वीं वरीयता प्राप्त अमेरिका की सोफिया केनिन और चीन की झांग शुआई के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से भिड़ना होगा।

### अगुत को मैराथन मुकाबले में हराकर चौथे दौर में पहुंचे सिलिच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। आस्ट्रेलियाई ओपन के पूर्व उपविजेता मारिन सिलिच ने शुक्रवार को यहां नौवीं वरीयता प्राप्त रॉबर्टो बॉतिस्ता आगुट को पांच सेट तक चले मुकाबले में हराकर अंतिम 16 में जगह पक्की की। क्रोएशिया के 31 साल के इस गैरवरीय खिलाड़ी ने मेलबर्न एरेना में खेले गये मुकाबले में स्पेन के आगुट को चार घंटे से अधिक समय तक चले मैच में 6–7, 6–4, 6–0, 5–7, 6–3 से हराया। सिलिच के पिछला सत्र काफी निराशाजनक रहा था जब वह रैंकिंग में सातवें से 39वें पायदान पर पहुंच गये थे। यह 2007 के बाद उनकी सबसे खराब रैंकिंग रही। क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की करने के लिए उन्हें छठी वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सिटिसिपास या कनाडा के 32 वीं वरीयता प्राप्त मिलोस राओनिच के बीच खेले जाने वाले मुकाबले के विजेता की चुनौती से पार पाना होगा।

### पोंक्रातोव, रोजुम चेन्नई ओपन में संयुक्त रूप से शीर्ष पर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** चेन्नई। रूस के पावेल पोंक्रातोव और इवान रोजुम शुक्रवार को 12वें चेन्नई ओपन अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट के नौवें दौर के बाद साढ़े सात अंक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गये। शीर्ष वरीय पोंक्रातोव ने युक्रेन के ग्रैंडमास्टर स्टानिस्लाव बोगदानोविच (सात अंक) को आठवें दौर के मुकाबले में हराया। सातवें दौर के बाद बोगदानोविच एकल बढ़त के साथ शीर्ष पर थे। रोजुम ने भारतीय खिलाड़ी जिम्मी जुबिन को हराया। भारत के एमआर वेंकटेस, वी विष्णु प्रसन्ना और एएल मुथैया कुछ अन्य खिलाड़ियों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। चेन्नई के छात्र जीबी हर्षवर्धन के साथ जुबिन और एस रोहित कृष्णा अंतरराष्ट्रीय मास्टर नार्म हासिल करने में सफल रहे।